उदयपुर में एग्रीकल्चर एंड लाइव स्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर नेशनल कांफ्रेंस शुरु

देशभर से विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्यमी तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हो रही हैं

उदयपुर, (कासं)। राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद), ग्रामीण विकास विभाग, राजस्थान एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेन्स का शुभारंभ मंगलवार को एक होटल में कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यशाला में देश भर से विशेषज्ञ, नीति निर्माता, उद्यमी तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं शामिल हो रही हैं। कार्यशाला में कृषि एवं पशुधन उद्यमिता से ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने को लेकर मंथन किया जायेगा। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कार्यशाला में देश के समस्त राज्यों से आए हुए अतिथियों, अधिकारियों, विशेषज्ञों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं।

उन्होंने कहा कि राजीविका का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक उन्नति के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन करना है। राज्य में 50.69 लाख ग्रामीण परिवारों को 4.25 लाख स्वयं सहायता समूहों, 31 हजार ग्राम संगठन एवं 1074 सीएलएफ (क्लस्टर लेवल फेडरेशन) से जोड़कर उन्हें वित्तीय सहायता एवं प्रशिक्षणों के माध्यम से उनकी आजीविका बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने के लिए जैम एवं अमेजॉन ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा हैं एवं फ्लिपकार्ट, ई-सरस पर प्रोडक्ट्स की ऑनलाइन मार्केटिंग की जा रही हैं।

डॉ. मीणा ने कहा कि 7037 महिला बिजनेस कॉरेस्पोडेंस द्वारा गाँवो में डोर स्टेप बैंकिग सर्विस पहुंचायी जा रही हैं, जिसमें खाते खोलना, रकम निकासी एवं जमा करना इत्यादि गतिविधियां हैं। विभिन्न जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों पर 254 कैंटीन प्रारम्भ की गई हैं जिसका संचालन राजीविका की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। उद्यम प्रोत्साहन के अन्तर्गत 54 हजार से अधिक महिला उद्यमों को स्थापित (सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मसाला उधोग, हस्तशिल्प, किराना एवं लेडिज स्टोर इत्यादि) किया गया एवं प्रोत्साहन दिया गया है जिससें महिलाओं की आजीविका में वृद्धि हुई।

केबिनेट मंत्री ने कहा कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार अभी तक 796 मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित किया जा चुके हैं, इन लखपति मास्टर ट्रेनर द्वारा 19.45 लखपति सीआरपी को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। वर्तमान में 11.02 लाख महिलाओं को लखपति दीदी का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। उन्होंने मिशन पंच रत्न, वनधन विकास योजनाओं और इनसे लाभान्वितों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि अन्त्योदय का भाव अंतिम पंक्ति के व्यक्ति का उत्थान है। लखपति दीदी कार्यक्रम का मूल मंत्र अन्त्योदय ही है। बैंक के एमडी शिवबजरंगसिंह भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से लखपति दीदी कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी साझा की। प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

राजीविका की राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरि ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कार्यशाला की रूपरेखा और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिया डाबी, उप वन संरक्षक मुकेश सैनी, डीसीएफ उत्तर अजय चित्तौड़ा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार सुधीर वर्मा, राजीविका जिला परियोजना प्रबंधक ख्यालीलाल खटीक आदि भी उपस्थित रहे कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री डॉ मीणा सहित अतिथियों ने लखपति दीदी कार्यक्रम की सफलता की कहानियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सुविधा के लिए इंडियन बैंक के साझे में तैयार पोर्टल भी लांच किया।

उदयपुर में एग्रीकल्चर एंड लाइव स्टॉक एंटरप्रेन्योरशिप पर तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेन्स का शुभारंभ कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने किया।

- **महिलाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाकर ही साकार होगा विकसित भारत का संकल्प : केबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा**

दिल्ली ब्लास्ट के बाद अलवर में भी पुलिस गश्त बढ़ाई

- **पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, धर्मशाला और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया**
- **400 सीसीटीवी कैमरों से शहर पर नजर, रेलवे जंक्शन पर यात्रियों के सामान की जांच**

अलवर, (निसं)। दिल्ली में हुई कार ब्लास्ट की घटना के बाद अलवर पुलिस सतर्क हो गई है। डीजीपी के निर्देशों के बाद शहर में एसपी सहित सभी उच्च अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहे। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल, धर्मशाला और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

आरपीएफ और जीआरपी टीमों ने रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों के सामान की जांच की, और ट्रेन के डिब्बों में चढ़कर यात्रियों के सामान देखे। वहीं अलवर पुलिस ने शहर के मुख्य बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर गश्त बढ़ा दी। एडीशन एसपी गोपीनाथ शरण कांबले ने अभय कमांड से शहर में लगे करीब 400 सीसीटीवी कैमरों से शहर के भीड़भाड़ वाली जगहों पर निगरानी रखी।

एडिशनल एसपी शरण गोपीनाथ कांबले ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर जिलेभर में सतर्कता बढ़ाई गई है। सभी अधिकारी और पुलिसकर्मी फील्ड में हैं तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, बस सतर्क रहें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस ने आमजन से शांति व सहयोग बनाए रखने की अपील की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वहीं बाहर से आने वाली गाडियों की भी चैकिंग की गई।

विद्युत विभाग का स्टोर कीपर रिश्वत लेते ट्रेप

- **डीपी देने की एवज में दस हजार रुपये रिश्वत मांगी थी**

जयपुर/टोंक। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टोंक टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय सहायक अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पीपलू जिला टोंक के सहायक हेल्पर प्रथम (स्टोर कीपर) दीपक सिंह यादव को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी टोंक को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके खेत पर नया विद्युत कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। डीपी के अलावा अन्य सामान इश्यू किये जा चुके थे। डीपी जारी करने के आदेश हो चुके थे। जहां सहायक हेल्पर प्रथम (स्टोर कीपर) दीपक सिंह यादव डीपी देने की एवज में दस हजार रुपये रिश्वत मांग कर रहा है।

आरोपी स्टोर कीपर दीपक सिंह

जिस पर टीएलओ और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबरमल ने ट्रैप की कार्यवाही करते हुए आरोपित दीपक सिंह यादव को परिवादी सेआठ हजार रुपये रिश्वत अपने कार्यालय की टेबल पर रखे कागज पर परिवादी से रखवायी गई। वहीं एईएन कार्यालय पीपलू में चल रहे निर्माण कार्य में से अज्ञात मजदूर को रिश्वत टेबल से उठाकर भगा दिया। काफी तलाश करने पर रिश्वत राशि एईएन कार्यालय से नाथडी चौराहे पर जाने वाले आम सड़क पर स्थित बोपता खाल के पास रोड के दाहिने साइड के गड्ढे से बरामद हुई। जिस पर दीपक सिंह यादव को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

तस्करी और हत्या प्रयास के आरोपी की पत्रावली से दस्तावेज गायब

जोधपुर, (कासं)। साल 2018 में मादक पदार्थ तस्करी, राजकार्य में बाधा डालने, हत्या प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के एक मुल्जिम के संबंधित दस्तावेजों की पत्रावली से महत्वपूर्ण कागजात चोरी हो गए। राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर से मामला होने पर कुड़ी थाने में इस बाबत पाली जिले के नाना थाना के एसआई रतन सिंह की तरफ से केस दर्ज कराया गया है। पत्रावली से चोरी हुए दस्तावेज से मुल्जिम को फायदा पहुंचाए जाने की आशंका जताई गई। आरोपी फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। मामला 4 अगस्त 2018 का है। दस्तावेज इसी साल चोरी होना बताया गया है।

कुड़ी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जसराज पुत्र पीराराम जाट निवासी सियागों की ढाणी हुडु पुलिस थाना सिणधरी बाडमेर में पेण्डिग पत्रावली को राजकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा मुज्लिम जसराज की जमानत याचिका एसबी क्रिमिनल बैल में प्रकरण हाजा की पत्रावली 26 सितंबर 2025 को कांस्टेबल रामनिवास के साथ राजकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय को भिजवाया गया था। दीपावली अवकाश के बाद कांस्टेबल पाबूराम के साथ पुनः मंगवाई जाने पर कांस्टेबल द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को राजकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय जोधपुर के कार्यालय से प्राप्त कर लेकर आया, बाद में थानाधिकारी को पेश करने पर पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली अवलोकन करने पर पता लगा कि मुल्जिम जसराज से संबंधित कागजात. मूल इकरारनामा, फर्द गिरफ्तारी, पूछताछ नोट, पुलिस अधीक्षक पाली द्वारा अभ्यावेदन जांच पूर्ण संबंधित आदेश प्रति, न्यायालय में मुलजिम जसराज को पेश करने संबंधित जेसी रिमाण्ड, मूल एफएसएल रिपोर्ट इकरारनामा आदि नहीं पाए गए। रिपोर्ट में आरोप है कि पत्रावली में मुल्जिम जसराज को अभियोजन के दौरान फायदा पहुंचाने की नीयत से किसी ने पत्रावली में से दस्तावेज चोरी किए गए हैं। मुल्जिम जसराज अभी न्यायिक अभिरक्षा में बताया जाता है।

सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

- **शव से दुर्गंध फैलने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी**

पाटन, (निसं)। थानांतर्गत ग्राम डोकन में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बंजारा बस्ती के पास सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव से दुर्गंध फैलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पाटन थाना अधिकारी रमेश मीणा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पाटन अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

थानाधिकारी मीणा ने बताया कि शव कई दिनों पुराना प्रतीत हो रहा है और मृतक के एक पैर में कीड़े पड़ चुके थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक पिछले 8 से 10 दिनों से क्षेत्र में घूमता हुआ देखा गया था। शव बंजारा स्टैंड से नीचे भैरू गुर्जर के खेत के पास मिला। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि शव की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। इलाके में इस घटना के बाद लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं।

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह एवं डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने इंद्रा देवनानी को श्रद्धांजलि दी

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी इंद्रा देवनानी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

- **नियमित श्रद्धांजलि बैठक में आए लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को नमन किया और श्रद्धा व्यक्त की**

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की धर्मपत्नी इन्दिरा देवनानी के देवलोकगमन पर मंगलवार को उनके निवास स्थान पर नियमित श्रद्धांजलि बैठक रखी गई। इस नियमित श्रद्धांजलि बैठक में मंगलवार को प्रदेश के अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं जनसामान्य ने उपस्थित होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

सभा में विशेष रूप से केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, पशुपालन एवं देवस्थान विभाग केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, खेरवाड़ा विधायक दयाराम परमार, विधायक करौली दर्शन गुर्जर, विधायक सपोटरा हंसराज मीणा, झुंझुनूं जिला प्रमुख हर्षनी कुलहरि सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। नियमित श्रद्धांजलि बैठक में आए लोगों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को नमन किया और उनके प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धा व्यक्त की। धर्म और अध्यात्म जगत से भी कई विभूतियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। इनमें मसाणिया भैरव धाम के चंपालाल महाराज ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विभिन्न संस्थाओं ने भी दिवंगत आत्मा को नमन करते हुए संवेदना संदेश प्रेषित किए।

युवक की संदिग्ध मौत मामले में नौ लोगों पर हत्या का केस दर्ज

- **ढाई माह पूर्व सिंजाड़ी का बाड़िया गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी**

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के करेड़ा थाना क्षेत्र में करीब ढाई माह पूर्व सिंजाड़ी का बाड़िया गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मृतक की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मृतक के माता-पिता, भाई सहित नौ लोगों के खिलाफ हत्या और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

करेड़ा थाना पुलिस के अनुसार, सिंजाड़ी का बाड़िया निवासी पूजा गुर्जर पत्नी बुघर गुर्जर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 18 अगस्त को जब वह अपने पीहर गई हुई थी। तभी रात 10 बजे उनके ससुराल से पति बुघर गुर्जर की तबीयत बिगड़ने का फोन आया। जब वह घर पहुंची तो उन्हें बताया गया कि उनके पति बुघर की मौत हार्ट अटैक से हो गई है। ससुराल पक्ष के लोगों ने जल्दबाजी में शव का दाह संस्कार शुरू कर दिया।

पूजा गुर्जर के अनुसार, श्मशान घाट में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने बुघर गुर्जर के गले पर निशान देखकर गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने मृतक के गले के फोटो भी खींचे और वीडियो भी बनाया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि इस घटना के कुछ दिनों बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें डराया-धमकाया और करेड़ा तहसील में लाकर उनके नाम पर चिताम्बा में चल रही फैक्टरी की पावर ऑफ अटॉर्नी एवं रजिस्ट्री अपने नाम करवाने की कोशिश की, हालांकि इस दौरान पूजा की तबीयत बिगड़ गई, जिससे रजिस्ट्री नहीं हो पाई।

पुलिस ने पूजा गुर्जर की रिपोर्ट के आधार पर पिता छीतर मल गुर्जर, माता सोनी देवी, भाई मिठू लाल गुर्जर और धर्मेश गुर्जर, भाभी लक्ष्मी देवी, काका ईश्वर गुर्जर, काकी चांदी देवी (सभी निवासी सिंजाडी का बाडिया), मामा भागु गुर्जर, मामा का लड़का भेरू गुर्जर (दोनों निवासी गोवर्धनपुरा) पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

मेड़ता सिटी, (निसं)। मेड़ता पुलिस थाने में पहली बार एसीबी ने कार्रवाई की है। मेड़ता थाने में कार्यरत एएसआई रामस्वरूप को 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी एएसपी कल्पना सोलंकी ने बताया कि परिवादी के क्रॉस केस में मदद करने की एवज में 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। एएसपी सोलंकी ने बताया कि मारपीट के मामले में परिवादी के क्रॉस केस में मदद करने की एवज में 50 हजार की रिश्वत मांगी थी, जिसकी जांच पड़ताल के बाद पुष्टि होने पर नेशनल हाईवे पर चाय की होटल पर 20 हजार रुपए लेते मेड़ता थाने के एएसआई रामस्वरूप को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

वायु सेना का ''महागजराज युद्धाभ्यास'' आयोजित, भारतमाला हाइवे पर उतरे लड़ाकू विमान

- **यह अभ्यास भारतमाला एक्सप्रेसवे 925 ए गांधव इलाके में बनी लगभग तीन किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर हुआ**
- **भारत-पाक बॉर्डर से करीब 40 किमी दूर सांचौर में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बने हाइवे पर वायुसेना के तेजस और जगुआर विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई**

जालोर/सांचोर, (कासं)। जालोर जिले के सांचोर स्थित चितलवाना के निकट अगडावा हवाई पट्टी क्षेत्र में मंगलवार को भारतीय वायु सेना का ''महा गजराज युद्धाभ्यास'' आयोजित किया गया। यह अभ्यास भारतमाला एक्सप्रेसवे 925 ए गांधव इलाके में बनी लगभग तीन किलोमीटर लंबी और 33 मीटर चौड़ी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर हुआ।

राजस्थान में भारत-पाक बॉर्डर से करीब 40 किलोमीटर दूर सांचौर में भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बने हाइवे पर वायुसेना के तेजस और जगुआर विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। राजस्थान में पाकिस्तान सीमा के करीब हाइवे पर वायुसेना के लड़ाकू विमान उतारे जाने की प्रैक्टिस कामयाब रही है। सांचौर में बने भारतमाला हाइवे पर इसी के तहत तेजस और जगुआर लडाकू विमान उतरे। भारत-पाक बॉर्डर से करीब 40 किलोमीटर दूर वायुसेना के विमानों की इमरजेंसी लैंडिंग की प्रैक्टिस देखने स्थानीय लोग भी बडी संख्या में जुटे थे। इसी दौरान एक बैल भी एयर स्ट्रिप पर आ पहुंचा। हालांकि इससे विमानों की लैंडिंग पर कोई असर नहीं पड़ा और जल्द ही सुरक्षाकर्मियों ने बैल को वहां से हटा दिया।

चितलवाना स्थित अगडावा हवाई पट्टी पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने युद्धाभ्यास किया।

भारतमाला सड़क पर तीन किलोमीटर लंबी एयर स्ट्रिप पर जब भारतीय वायु सेना के तेजस और जगुआर लडाकू विमानों ने लैंडिंग हुई, तो हर कोई हैरान था। किसी भी वायुसेना के लिए हाइवे पर इस तरह की लैंडिंग युद्ध की स्थिति में इमरजेंसी के दौरान बेहद अहम साबित होती हैं। राजस्थान के बॉर्डर इलाके में विमानों को उतारने के लिए तैयार की गई इस एयर स्ट्रिप पर यह प्रैक्टिस पर इस लिहाज से खास रही है।

वही राजस्थान के सांचौर के पास इस एयर स्ट्रिप का उद्घाटन 9 सितंबर 2021 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। उद्घाटन के दौरान भी इस एयर स्ट्रिप पर लैंडिंग की गई थीं। यह एयर स्ट्रिप भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है। यह एयर स्ट्रिप न सिर्फ युद्ध की स्थिति में भारतीय वायु सेना को महत्वपूर्ण साबित होगी बल्कि आपदा राहत के कार्यों में भी इसका इस्तेमाल मील का पत्थर साबित होगा

विंग कमांडर देवेंद्र पांडेय ने बताया ि कि यह एक्सरसाइज इंडियन एयरफोर्स की साउथ-वेस्टर्न कमांड के तहत आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य इमरजेंसी एयर लैंडिंग फील्ड की वैधता की जांच करना था। अभ्यास के दौरान भारतमाला हाईवे पर यातायात पूरी तरह बंद रखा गया। पांडेय ने बताया कि इसमें तीन विमान शामिल थे, जिनमें दो फाइटर प्लेन (जगुआर और सुखोई) और एक ट्रांसपोर्ट विमान (सी-295) था।

''युद्धाभ्यास मरू ज्वाला'' में आर्मी और एयरफोर्स ने ताकत दिखाई

आर्मी और एयरफोर्स के जवानों ने आतंकवादियों के ठिकानों और दुश्मन की चौकियों पर अटैक किए

पाक बॉर्डर पर 12 दिन चलने वाले ऑपरेशन त्रिशूल के 11वें दिन ''मरू ज्वाला'' का युद्धाभ्यास हुआ।

जैसलमेर, (निसं)। पाक बॉर्डर पर जैसलमेर के रेगिस्तानी इलाके में 12 दिन चलने वाले ऑपरेशन त्रिशूल के 11वें दिन ''मरू ज्वाला'' का युद्धाभ्यास हुआ। आर्मी और एयरफोर्स के जवानों ने आतंकवादियों के ठिकानों और दुश्मन की अग्रिम चौकियों पर साथ मिलकर अटैक किए। पहले ड्रोन से दुश्मन के ठिकानों का पता लगाया गया। इसके बाद ड्रोन के जरिए अनाउंसमेंट कर गांवों को खाली कराया गया। भारतीय सैनिक के घायल होते ही रोबोटिक डॉग फर्स्ट एड बॉक्स लेकर पहुंचे। थल सेना से मैकेनाइज्ड और आर्मर्ड कोर (टैंक रेजिमेंट) ने इसमें हिस्सा लिया। वहीं लड़ाकू हेलीकॉप्टरों और हवाई पेट्रोलिंग प्लेटफॉर्म बनाया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य यह साबित करना है कि भारतीय सेना रेगिस्तान में किसी भी परिस्थिति में तेजी से दुश्मन के खिलाफ एक्शन लेने में सक्षम है। इसका नेतृत्व दक्षिणी कमान ने किया। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने खुद युद्ध क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कोणार्क कोर और बैटल एक्स डिवीजन द्वारा किए गए संयुक्त युद्धाभ्यास की सराहना की।